कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 29/06/2025**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 29.06.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पुलिस लाइंस गाजीपुर में मध्यस्थता के माध्यम से अलग हुए 05 परिवारों की कराई गई विदाई।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 29.06.2025 को पुलिस लाइन प्रांगण में महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केन्द्र गाजीपुर में पति-पत्नी के विवाद से सम्बन्धित कुल 42 प्रकरण को सुना गया जिसमें काफी समय से विवादित चल रहे 05 प्रकरण में दोनों पक्षो को बैठाकर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भुलाकर विदाई करायी गयी। 15 प्रकरण में विधिक सुझाव देते हुए पत्रावली बंद कर दी गई तथा 05 प्रकरण में परिवारिक विवाद में कुशलता प्रकट होने के बाद पत्रावली बंद कर दी गई। शेष परिवारिक विवाद में मध्यस्थता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। इन सभी प्रकरण के निस्तारण में विक्रमादित्य मिश्र, वीरेंद्र नाथ राम, कमरूद्दीन, पूजा श्रीवास्तव,उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा, महिला आरक्षी रागिनी चौबे, महिला आरक्षी अभिलाषा, महिला आरक्षी सोनाली, आरक्षी शिव शंकर यादव महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग प्रमुख थे।

2. थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 01 अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29.06.2025 को उ0नि0 रोहित कुमार द्विवेदी मय हमराह थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर अंधऊ हवाई पट्टीके के पास से अभियुक्त अमरजीत बिन्द उर्फ भोदूं पुत्र त्रिलोकी उर्फ टेनी बिन्द निवासी बरहनिया थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 01 अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 467/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1 .अमरजीत बिन्द उर्फ भोदूं पुत्र त्रिलोकी उर्फ टेनी बिन्द निवासी बरहनिया थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 28 वर्ष

बरामदगी -

1.एक अदद तंमचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -

1.मु0अ0सं0-467/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।
2.मु0अ0सं0-611/2022 धारा 272 भादवि व 60/63 आबकारी अधिनियम थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।
3.मु0अ0सं0-55/2022 धारा 272 भादवि व 60 आबकारी अधिनियम थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर ।
4.मु0अ0सं0-118/2021 धारा 323,504,506,427 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।
5.मु0अ0सं0-163/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।
6.मु0अ0सं0-577/2021 धारा 147, 323, 427, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।
7.मु0अ0सं0-70/2013 धारा 380 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।
8.मु0अ0सं0-1598/2012 धारा 379, 411 भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर